भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 498 का उत्तर

देश में हेरिटेज़ ट्रेन

498. डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा देश में हेरिटेज ट्रेन के रूप में कोयले से चलने वाले भाप इंजनों के संरक्षण और संचालन को सहायता प्रदान करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) भावी पीढ़ी के लिए हेरिटेज ट्रेनों के रूप में कोयला से चलने वाले भाप इंजनों के उपयोग को बढ़ाने की सरकार की योजना सहित जिन नए रेल मार्गों या क्षेत्रों पर विचार किया जा रहा है, उनका ब्यौरा क्या है;

(ग) रेलवे द्वारा हेरिटेज ट्रेन के रूप में उपयोग के लिए कोयले से चलने वाले भाप इंजनों को बहाल करने और संरक्षित करने हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान प्रदान किए गए वित्तपोषण का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास अन्य रेलवे क्षेत्रों के लिए नए कोयले से चलने वाले भाप इंजन बनाने हेतु नीलगिरि माउंटेन रेलवे (एनएमआर) दक्षिणी रेलवे के समान कोई रणनीति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनके लिए इन कोयले से चलने वाले भाप इंजनों का उत्पादन किया जाना है और उक्त क्षेत्रों में उन मार्गों का ब्यौरा क्या है जिन पर नई कोयला-चालित भाप-इंजन ट्रेनों को संचालित करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): वर्तमान में, यूनेस्को से मान्यता प्राप्त माउंटेन रेलवे, सीज़नल स्टीम चालित रेलगाड़ी और आईआरसीटीसी के साथ मिलकर चलाई जाने वाली चार्टर रेलगाड़ियों में कोयले से चलने वाले स्टीम इंजन का उपयोग किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों में स्टीम लोकोमोटिव की मरम्मत और रखरखाव के लिए बजट आबंटन (करोड़ में) इस प्रकार है:

2022-23	**2023-24**	**2024-25**
₹12.98 करोड़	**₹14.26 करोड़**	**₹17.25 करोड़**

इसके अलावा, स्टीम लोको हेरिटेज शेड, रेवाड़ी में हेरिटेज चल स्टॉक की भारी अनुरक्षण सुविधाओं के विकास का कार्य हाल ही में ₹9.99 करोड़ की लागत से मंजूर किया गया है।

****